तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार, 30 जून 2024



12 जल जगार उत्सव का अब दिखने लगा सार्थक परिणाम



14 75 डेयरी संचालकों को निगम ने भेजा 5-5 हजार ...






### आर्थिक तंगी से जूझ रहे ठेकेदारों ने बंद किया काम

# जल जीवन मिशन के कार्यों पर लगा ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जल जीवन मिशन का बिल भुगतान नहीं होने से ठेकेदार मुसीबत में आ गए हैं। आर्थिक तंगी के चलते उन्होंने सभी कार्य को बंद कर दिया है। पेमेंट मिलने के बाद सभी कार्य को फिर से शुरू करेंगे।

घर-घर स्वच्छ पानी पहुंचाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के तहत लगभग सभी गांवों में काम चल रहा है। इस योजना के तहत पानी टंकी निर्माण, पाइपलाइन विस्तार, नलकूप खनन, मोटर पंप स्थापना सहित कई कार्य हो रहे हैं। इसमें अधिकांश काम फाइनल स्टेज पर है। इसके बाद भी ठेकेदारों को पेमेंट नहीं मिला है। इस समस्या को लेकर ठेकेदारों ने कलेक्टर से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि आरईएस से पेमेंट में काफी विलंब किया जा रहा है। अब तक ठेकेदारों को मात्र 50 प्रतिशत की राशि मिली है, जबकि शासन से अप्रैल माह में ही 20 प्रतिशत राशि और आ चुकी है। यह राशि अब तक ठेकेदारों को नहीं दी गई है, जिसके कारण ठेकेदारों को काम करने में परेशानी हो रही है।



#### पैसा नहीं, सिर्फ प्रेशर दे रहे

ठेकेदारों ने बताया कि इस कार्य में वे काफी सारा पैसा लगा चुके हैं। कुछ ठेकेदारों ने कर्ज लेकर काम किया है। काम लगभग पूरा होने के बाद भी राशि देने में आनाकानी की जा रही है। आर्थिक तंगी के अभाव में ठेकेदार आगे काम नहीं कर पा रहे हैं। लगातार वे काम की समय -सीमा बढ़वा रहे हैं। उधर पीएचई के अधिकारी लगातार काम कम्पलीट करने के लिए प्रेशर दे रहे हैं।

#### आगे कार्य करने में सक्षम नहीं

कलेक्टर से शिकायत करते हुए ठेकेदार किशोर जायसवाल, मदन गोयल, सतीश कुमार, अहमद रजा आदि ने बताया कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे ठेकेदार आगे कार्य करने में सक्षम नहीं हैं। पीएचई द्वारा राशि आने के बाद भी भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने काम बंद करने की सूचना देते हुए कहा कि पेमेंट मिलते ही काम फिर से शुरू कर दिया जाएगा।

#### लोगों को होगी परेशानी

जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत गांवों में घर-घर पानी पहुंचाने का लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि जल जीवन मिशन के कार्य अधूरे होने के कारण लोगों को इस गर्मी में काफी परेशानी उठानी पड़ी। यदि आगे भी ऐसी ही स्थिति रही तो आने वाले समय में भी पानी के लिए लोगों को हलाकान होना पड़ेगा।

# सड़क हादसे में बाइक चालक व गाय की मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रात्रि में घर लौट रहे युवक की बाइक सड़क पर बैठे मवेशी से टकरा गई। इस घटना में युवक की मौत हो गई। वहीं गाय ने भी दम तोड़ दिया।

■ रूद्री थाना के सामने हुआ हादसा

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री रोड स्थित गौरी नगर निवासी मनीष ध्रुव पिता अमरसिंग उम्र 32 वर्ष ने कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई की है। उसके पिता अमरसिंग सिंचाई विभाग रूद्री में कार्यरत हैं। युवक शुक्रवार की रात्रि अपनी केटीएम स्मार्ट बाइक से रूद्री चौक की तरफ गया था, जहां रात्रि लगभग 11 बजे बाइक से वापस अपने घर गौरी नगर लौट रहा था। इसी दौरान रूद्री थाना के सामने सड़क पर बैठी गाय से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। गाय से टकराने के बाद युवक बाइक से 6 से 7 फीट ऊपर उछलकर सिर के बल सड़क पर गिर गया। इस घटना से युवक के सिर में गंभीर चोट आई थी। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान एम्बुलेंस के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंच युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शनिवार को मर्ग कायम कर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। बताया जाता है कि बाइक की टक्कर से गाय की भी मौत हो गई है।

#### ट्रेक्टर की ठोकर से कार सवार घायल

शुक्रवार की रात्रि अम्बेडकर चौक में भी सड़क हादसा हुआ है। पेट्रोल पंप की ओर से रॉन्ग साइड से आ रही ट्रेक्टर ने कार को सामने से टक्कर मार दी। इस घटना में सवार बुजुर्ग को चोट आई है। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि कार में नगरी, सांकरा के सोनी परिवार के लोग सवार थे जो अस्पताल में इलाज कराकर अम्बेडकर चौक होते हुए वापस आ रहे थे।

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

हरिभूमि पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969






## जल संरक्षण के लिए बनाई गई संरचनाओं में पानी धरातल से रसातल में समाने लगा

# जल जगार उत्सव का अब दिखने लगा सार्थक परिणाम

■ कलेक्टर नम्रता गांधी की कुशल रणनीति दिखाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत चलाये जा रहे जल जगार उत्सव के सार्थक परिणाम अब नजर आने लगे है। जिले में हुई पहली बारिश से ही जल संरक्षण हेतु बनायी गयी संरचनाओं में मंशानुरूप पानी धरातल से रसातल में समाने लगा है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने जिले में प्रतिदिन गिरते भूजल स्तर पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए जल संरक्षण हेतु कुशल रणनीति बनाकर काम करना शुरू किया। उनकी पहल पर जिले में जल संरक्षण हेतु अभियान चलाया गया। प्रथम चरण में सुश्री गांधी ने जल की महत्ता को समझते हुए भारत सरकार जल शक्ति मंत्रालय के विशेषज्ञों के सहयोग से जिला स्तरीय अधिकारियों हेतु 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें लोक स्वास्थ्या यांत्रिकी, लोक निर्माण, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उद्यानिकी, जल संसाधन सहित अन्य विभागों को शामिल कर जल संरक्षण हेतु किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी।





### नवागांव के ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ

कुरूद विकासखंड के ग्राम नवागांव थुहा से जल जगार उत्सव की शुरूआत की गयी, जहां ग्रामीणों ने एक स्वर में जल संरक्षण की शपथ ली थी। इसी कार्यक्रम में वाटर हीरो जल प्रहरी नीरज वानखेड़े ने गांव के ही खराब बोरवेल में बोर वाटर रिचार्ज सिस्टम बनाकर लोगों को इसकी जानकारी दी।

### नीरज ने बताए जल संरक्षण के उपाय

जल संरक्षण की दिशा में बीते कई वर्षों से कार्य करने वाले नीरज वानखेड़े को भारत सरकार ने वाटर हीरो जल प्रहरी की पदवी से सम्मानित किया है। बीते दिनों उन्होंने जिले में पानी की कमी से जूझने वाले गांवों में जाकर जल जगार कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामीणों को पानी की महत्ता को भलीभांति समझाया।

### तालाबों में जल संरक्षण हेतु टीम ने किया सर्वे

जिले के नगरीय निकायों- नगरनिगम धमतरी सहित नगर पंचायत क्षेत्र आमदी, भखारा, नगरी, मगरलोड एवं कुरूद में विभिन्न तालाबों में गाद जमा है जिसके कारण तालाबों के पानी की गुणवत्ता एवं भंडारण क्षमता प्रभावित हो रही है। इन्हें साफ करने हेतु रायपुर की एनआईटी टीम द्वारा सर्वे किया जायेगा।

### सामाजिक संगठनों का मिला भरपूर सहयोग

कलेक्टर सुश्री गांधी की इस पहल को जिले के सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों का पूरा सहयोग मिला। भारतीय जैन संघटना द्वारा कुरूद ब्लॉक के ग्राम मड़ेली तथा जीजामगांव में तालाबों को पुनर्जीवित कर जल संरक्षण का कार्य किया गया। तालाबों से निकली मिट्टी को खेतों की उर्वरक क्षमता बढ़ाने के लिए खेतों में डाला जा रहा है।

### औद्योगिकी इकाईयों में किया जा रहा जल संरक्षण कार्य



जिले में संचालित सभी औद्योगिक इकाईयां जैसे-अरवा, उसना, राईस मिल, कोल्ड स्टोरेज, फ्लाई एश ब्रिक्स सहितं अन्य औद्योगिक संस्थाओं में केन्द्रीय भूजल बोर्ड के मानकों के अनुपालन हेतु आयोजित कार्याशाला में दिये गये निर्देश के परिपालन में जिले में अब तक कुल 225 इकाईयों का पंजीयन किया गया है।

### कमार परिवार बना रहे तालाब, डबरी और डाईक

नगरी विकासखण्ड के ग्राम पीपरहीभर्री के 36 कमार परिवारों ने वन अधिकार अधिनियम के तहत उन्हें मिले जमीन पर जल संरक्षण और संवर्द्धन की दिशा में तीन कमार आदिवासी परिवार तालाब बनाए हैं। वहीं बारिश के पानी को रोकने के लिए 10 डबरियों का भी निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा गांव के समीप से गुजरने वाले नाला में डाईक संरचना बनाई जा रही है, जिससे पानी का स्तर ऊंचा उठे और जमीन पर नमी बनी रहे।

### जिले में किया जाएगा वृहद पौधरोपण, तैयारियां जोरों पर

जल संरक्षण की दिशा में वृक्षारोपण का भी महत्वपूर्ण योगदान है। ग्रामीणों को पौधरोपण की जानकारी दी जा रही है। जिसके लिए कलेक्टर सुश्री गांधी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी विभाग पौधरोपण हेतु स्थल का चयन कर लें आगामी दिनों में एक साथ वृहद पौधरोपण अभियान चलाकर लाखों पौधे रोपे जाएं।

## अंचल की खबरें

### गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय में मना प्रवेश उत्सव



**धमतरी।** नए प्रवेशी बच्चों की आरती उतारकर एवं फूलों की बरसात करते हुए मिठाई खिलाकर संस्था प्रमुख महेंद्र सिंह यादव, सहायक शिक्षक प्रतीक्षा यादव, प्रिया शर्मा, हीरा निषाद, शशि कला साहू, श्रीमती कस्तूरी यादव, श्रीमती रेणु साहू, श्रीमती गायत्री, यामिनी साहू, मीनाक्षी सोनवानी, रूपा यादव, कुमारी वंदना साहू, कुमारी आशा, श्रीमती दीपिका ने गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय माध्यमिक शाला दानीटोला धमतरी में आज नए प्रवेशी बच्चों को स्वागत किया।

### मुकुट पहनाकर किया बच्चों का स्वागत



**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला कुकरीनाला मोहेरा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का मुकुट पहनाकर व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मिठाई खिलाई गई। पाठयपुस्तक का वितरण किया गया। शाला के सभी बच्चों को न्योता भोजन में चाकलेट खिलाई गई। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति समग्र शिक्षा के अध्यक्ष केशवपुरी गोस्वामी, संस्था प्रमुख कृपाल सिंह निषाद, समिति के सदस्य, पालक उपस्थित थे।

### अंजुमन प्राथमिक शाला में बच्चों को पुस्तक वितरण



**धमतरी।** अंजुमन प्राथमिक शाला नवागॉव वार्ड धमतरी में शाला प्रवेशोत्सव एवं पुस्तक वितरण समारोह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्राओं को चाकलेट देकर स्वागत किया गया एवं कक्षा पहली से कक्षा छठवीं तक के छात्र छात्राओं को शासन द्वारा प्राप्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। पुस्तक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदस्य असदुल हुसैन (हुसैन सर), वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद असलम भाटी, प्रधान पाठिका सुश्री आलिया बानो सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकायें, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हुसैन सर ने विद्यार्थियों का मुंह मीठा करा पुस्तक वितरण किया। उन्होंने छात्रों को मन लगाकर पढ़ाई करने व बेहतर परीक्षा परिणाम लाकर अपने स्कूल एवं माता पिता का नाम रौशन करने आग्रह किया।

## पिता की पुण्यतिथि पर रोपे पौधे



**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला में साहू परिवार द्वारा आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में परिजनों ने पौधरोपण कर समाज में नया संदेश दिया है। संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड के सचिव, शिक्षक एवं मंच संचालक आत्माराम साहू के पिता स्व. अगराहिज साहू की प्रथम पुण्यतिथि पर कार्यक्रम के बाद परिवारजनों एवं रिश्तेदार द्वारा पौधरोपण किया गया।

## हायर सेकेण्डरी बेलौदी में मना शाला प्रवेशोत्सव





हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बेलौदी में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का थीं।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की पूजा के साथ हुआ। इस अवसर पर श्रीमती एक्का ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को अबीर-गुलाल लगाकर स्वागत किया। मुंह मीठा कराया। अतिथियों ने पाठय- पुस्तकों का वितरण किया। श्रीमती एक्का ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके लक्ष्य के बारे में पूछा। किसी ने डॉक्टर तो किसी ने पुलिस,आर्मी, शिक्षक बनने की बात कही। श्रीमती एक्का ने कहा कि शिक्षा दान महादान होता है। इससे खुद के साथ हम दूसरों को शिक्षित कर पाते हैं। उन्होंने बच्चों को हिदायत देते हुए कहा मोबाइल हमारा सबसे बड़ा दुश्मन है, इससे हमें बचकर रहना होगा। कार्यक्रम का संचालन तिलक राम साहू व्याख्याता और आभार प्रदर्शन वासुदेव ठाकुर प्राचार्य ने किया। सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर अशोक पटेल, नारायण साहू, संतोष साहू, शीतराम ध्रुव, जीतेन्द्र कुमार, अशोक कश्यप, श्रीमती पेमेश्वरी कंवर, सोफिया सैनिक व्याख्याता, ग्राम बेलौदी के वीरेन्द दाऊ(भूतपूर्व जनपद उपाध्यक्ष मगरलोड), उमेंद साहू, घनश्याम साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती भेमा साहू, सहायिका इन्द्राणी साहू, श्रीमती मालती साहू, मीरा पाल सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## निधन

### सुभागा बाई साहू



**सिर्री।** ग्राम गोबरा निवासी सुभागा बाई साहू उम्र 80 वर्ष का 29 जून शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे कल्याण साहू, जोइधा साहू की माता थीं। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने समाजजनों और ग्रामीणों की भीड़ रही।

### कोसमर्रा स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव पर प्रतिभावान छात्र हुए सम्मानित

## अनुशासित जीवन ही श्रेष्ठ व्यक्ति की पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में प्रवेश उत्सव, सम्मान समारोह एवं विदाई समारोह का आयोजन हुआ। नवप्रवेशी कक्षा नवमीं के छात्र-छात्राओं को पुस्तक प्रदान कर, तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा नवमी में प्रथम पोमेश साहू, द्वितीय प्रीति साहू, कक्षा दसवीं में प्रथम सेजल साहू, द्वितीय विनीता यादव, कक्षा ग्यारहवीं में प्रथम नेहा साहू, द्वितीय तीमा साहू, कक्षा 12वीं में प्रथम सिद्धि नगारची, द्वितीय कुंदन साहू को प्रशस्ति-पत्र एवं पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य सीआर साहू ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी युगल किशोर साहू प्राचार्य सीआर साहू, व्याख्याता वासुदेव कुमार सोनबेर, जनपद सदस्य संतोष साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र यादव, पालक समिति संरक्षक उत्तम कुमार साहू ने कहा कि अनुशासित जीवन ही श्रेष्ठ व्यक्ति की पहचान है। विद्यालय के अनुशासन का पालन करना, समय के महत्व को समझना, शिक्षकों की सीख को आत्मसात करना, विद्यालयीन नियमों का पालन करना एक आदर्श विद्यार्थी की पहचान है।

मौके पर सरपंच ओमप्रकाश साहू, उपसरपंच रोहित निर्मलकर परमेश्वर साहू, रूपचंद साहू, सदाराम साहू, जीवराज देवांगन, हेमलाल चौरे, व्यास नारायण ठाकुर, शिक्षक बालकृष्ण साहू, हरीशचंद्र सिंह नेताम, नरेश कुमार, सीमा सोनी, रविंद्र कुमार बंधे, संतोष राव जगताप, किरण मनहर, प्रतिमा गोस्वामी, खिलेश्वरी साहू, प्रमोद बैस एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल कुमार साहू एवं उत्तरा गंजीर तथा आभार व्यक्त पुष्पेंद्र कुमार गुरु ने किया।

## अंजुमन हायर सेकंडरी स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अंजुमन हॉयर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी में शाला प्रवेशोत्सव एवं पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं को चाकलेट का वितरण किया गया एवं कक्षा पहली से कक्षा दसवीं तक के छात्र छात्राओं को शासन द्वारा प्राप्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया।



पुस्तक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर हाजी मोहम्मद तसनीम खान सहित सदस्यगण मोहम्मद शरीफ रोकड़ियि, असदुल हुसैन (हुसैन सर), सै. अफजल अली रिज़वी, जाहिद अहमद, इरफान विरानी, तनवीर कुरैशी, शेर खान, मो. असलम कुछावा, असलम अशरफी, शाला के प्राचार्य अब्दुल सत्तार खान, शाला के वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती शबाना खान, सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकायें, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मो. तसनीम खान ने उन्हे अच्छे नंबरो से उत्तीर्ण होने के लिए प्रेरित किया। मो तसनीम खान ने हाईस्कूल अथवा हॉयर सेकेण्डरी स्कूल की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त करने वाले अंजुमन स्कूल के प्रत्येक छात्र-छात्रा को अपनी ओर से 50 हजार रूपये राशि का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की। सैय्यद असदुल हुसैन ने छात्र-छात्राओं को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने, समय के महत्व एवं पुस्तकों को अच्छे से पढ़कर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। अफजल सर ने शिक्षक-शिक्षिकाओं से समर्पित भाव से अध्यापन कराने का आग्रह किया।




### भठेली स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

## शिक्षा समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



आज के परिवेश में शिक्षा का महत्व किसी से छिपी नहीं है। परंतु अज्ञानतावश या कुछ कारणों से कुछ बच्चे पढ़ाई से वंचित रह जाते हैं। हर बच्चों को पढ़ने का अधिकार है। इसी तारतम्य में शासकीय माध्यमिक शाला भठेली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शाला विकास समिति के सदस्यों और जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर और मुंह मीठा कराकर अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि संतोषी निषाद पार्षद ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए शांति, न्याय, स्वतंत्रता और समानता की दुनिया को प्राप्त करने का एक साधन है। शिक्षा सभी के लिए आवश्यक है। शिक्षा के बिना अच्छा जीवन संभव नहीं है। शाला विकास समिति अध्यक्ष रूपा साहू ने बच्चों को पढ़ाई का महत्व बताया। माता -पिता, शिक्षक का सम्मान करने की बात कही। माध्यमिक शाला भठेली के शिक्षक रवि ठाकुर ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया और कहा कि शिक्षा मानव समाज के विकास और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। शिक्षा मानवीय सम्पदा को वृद्धि देती है और सभी क्षेत्र में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। शिक्षा मानव विकास की मूलभूत आवश्यकता है। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। शाला परिवार द्वारा न्योता भोजन के तहत बच्चों को खीर पूड़ी और जलेबी खिलाई गई। मंच संचालन श्री सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में रूपा साहू, रोमन लाल, भैयाराम, जयंत्री बाई साहू, शिक्षक प्रदीप साहू, हरीश निर्मलकर, रवि, कंप्यूटर शिक्षक तेजस्वी साहू, थानूराम उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### ग्राम पटेल संघ की बैठक कल

**नगरी।** ग्राम पटेल संघ तहसील नगरी की बैठक एक जुलाई को मां शीतला मंदिर परिसर सिहावा में रखी गई है। यह जानकारी पटेल संघ तहसील नगरी के उपाध्यक्ष मनहरण साहू ने दी है।

### प्रशिक्षित मेट संघ की बैठक आज

**डांडेसरा।** प्रशिक्षित मेट संघ कुरूद ब्लाक की बैठक आज 30 जून रविवार को मरादेव मंदिर बगौद में रखी गई है। संघ के अध्यक्ष गैंदलाल निर्मलकर, मीडिया प्रभारी हितेश साहू ने सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### स्काउट्स-गाइड्स की बैठक 1 जुलाई को

**धमतरी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ धमतरी के सभी स्काउटर गाइडर, आजीवन सदस्य, साधारण सदस्य एवं संस्थागत सदस्यों की बैठक 1 जुलाई को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक डॉ. शोभाराम देवांगन उमावि धमतरी में रखी गई है। स्काउटर गाइडर को पूर्ण गणवेश में आने कहा गया है।

### नगरी में चिकित्सा शिविर एक जुलाई को

**धमतरी।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत सिविल अस्पताल नगरी में मिर्गी के इलाज के लिए एक जुलाई को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सुबह 7 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसके मंडल ने बताया कि शिविर में नई दिल्ली एम्स के विषय विशेषज्ञों द्वारा इलाज किया जाएगा।

### प्री-बीएड-डीएलएड की प्रवेश परीक्षा आज

**धमतरी।** व्यापमं व्दारा रविवार 30 जून को धमतरी जिले में प्री-बीएड की प्रवेश परीक्षा होगी। प्रथम पॉली में प्रातः 10 से 12:15 बजे तक 27 केन्द्रों में परीक्षा होगी। कुल 8041 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार प्री-डीएलएड की प्रवेश परीक्षा व्दितीय पॉली में दोपहर 2 से शाम 4:15 बजे तक 34 केन्द्रों में होगी। इसमें कुल 10398 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 9:30 बजे एवं दोपहर 1:30 बजे से प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षा के लिए डॉ श्रीदेवी चौबे समन्वयक एवं डिप्टी कलेक्टर आरके कृपाल को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### अंगना में शिक्षा का आयोजन 2 को

**धमतरी।** बच्चों में शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए सुघ्घर पढ़वईया कार्यक्रम के तहत अंगना में शिक्षा का आयोजन 2 जुलाई को किया जाएगा। प्रदेश में माताओं को जोड़कर बच्चों को घर पर सीखने में सहयोग देने के लिए अंगना में शिक्षा कार्यक्रम को अच्छा प्रतिसाद मिला है। चालू शिक्षा सत्र में अधिक से अधिक स्कूलों में बच्चे सुघ्घर पढ़वईया कार्यक्रम में निर्धारित अपेक्षित स्तर तक पहुंच सकें, इसके लिए अंगना में शिक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिले के सभी प्राथमिक स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर नम्रता गांधी ने संबंधित अधिकारियों को इसकी सभी तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

---

नालियों में गोबर बहाना बंद नहीं हुआ तो होगी सख्त कार्रवाई : आयुक्त

# 75 डेयरी संचालकों को निगम ने भेजा 5-5 हजार रूपये जुर्माने का नोटिस

**जुर्माने की राशि नहीं दे रहे डेयरी संचालक : स्वास्थ्य अधिकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर की नालियों में गोबर बहाने के नाम पर 75 डेयरी संचालकों को नगर निगम ने नोटिस भेजकर पांच-पांच हजार रूपये जुर्माने की राशि जमा करने कहा है। राशि कार्यालय में जमा नहीं करने पर निगम टीम स्पॉट में पहुंचकर जुर्माने की राशि मांग रही है। इस पर डेयरी व्यवसायी आपत्ति करते हुए जुर्माना नहीं दे रहे हैं। ज्ञात हो कि शहर में 110 से अधिक डेयरियां संचालित हैं। इन डेयरियों में दूध व्यवसाय के लिए 4 से 5 हजार मवेशियों का पालन किया जाता है। डेयरियों से निकलने वाले गोबर को कुछ संचालक शहर से बाहर कर देते हैं लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जो मलमूत्र को नालियों में बहा देते हैं, नतीजन नालियां जाम हो जाती हैं। इससे पानी का बहाव नहीं हो पाता, फलस्वरूप बारिश में जलजमाव की स्थिति पैदा हो जाती है। इधर डेयरियों को शहर से बाहर करने सोरम भटगांव में गोकुलनगर की स्थापना की गई है। इस योजना में 40 लाख रूपये से अधिक खर्च भी हो चुका है। डेयरी संचालकों के लिए 59 प्लाट की खरीदी के लिए टेंडर भी निकाला गया है लेकिन डेयरी संचालक वहां जाना नहीं चाहते हैं। उनका कहना है कि सोरम भटगांव की जमीन दूध उत्पादन के लिए उचित नहीं है। अन्य स्थान पर जमीन दी जानी चाहिए। सोरम-भटगांव की यह जमीन 30 साल के लिए है जिसकी कीमत 10 रूपये प्रति वर्गफीट रखी गई थी जिसमें कुछ वृद्धि की गई है। गोकुल नगर नहीं बसने के कारण डेयरी संचालक शहर में ही दूध उत्पादन कर रहे हैं। गोबर के कारण नालियां जाम हो रही हैं।

स्वास्थ्य अधिकारी मो. शेरखान ने बताया कि निगम प्रशासन के निर्देश पर 75 डेयरी संचालकों को 5-5 हजार रूपये जुर्माने की राशि पटाने नोटिस जारी हुआ है। इसकी वसूली के लिए स्पॉट पहुंच रहे हैं। कोई भी डेयरी संचालक जुर्माने की राशि जमा नहीं कर रहा है।

**नोटिस देने से पहले बैठक होनी थी : डेयरी संचालक**

डेयरी व्यवसायी शंकर ग्वाल, रामनरेश, लखन, दाऊ यादव, बाबी जुनेजा, मदन कौशिक, नीलकंठ आदि का कहना है कि डेयरी व्यवसायियों को नोटिस देने से पहले निगम ऑफिस में बैठक बुलानी चाहिए थी लेकिन बैठक के बगैर ही 5-5 हजार रूपये जुर्माना पटाने का नोटिस दिया गया है जो उचित नहीं है। पहले बैठक होनी थी जिस पर डेयरी व्यवसायी अपना पक्ष रखते। डेयरी व्यवसायियों का कहना है कि हम भी चाहते हैं कि शहर साफ और सुंदर हो लेकिन इसके लिए योजना तैयार होनी चाहिए।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

निगम आयुक्त विनय कुमार पोयाम ने कहा कि नालियों में गोबर बहाने वाले लोगों के खिलाफ निगम कार्रवाई कर रहा है। नालियों में पानी जाम न हो इसके लिए कर्मचारी दिन-रात नालियों की सफाई कर रहे हैं लेकिन कुछ लोग इसमें गोबर बहा रहे हैं जो अनुचित है।

---

# जिला देवांगन समाज का शपथ ग्रहण आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला देवांगन समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 30 जून रविवार को देवांगन धर्मशाला दानीटोला धमतरी में आयोजित किया गया है। समारोह दोपहर 12 बजे से मां परमेश्वरी की आरती, पूजन से होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूण साव उपमुख्यमंत्री छग शासन होंगे। अध्यक्षता लखनलाल देवांगन मंत्री श्रम वाणिज्य एवं उद्योग छग शासन करेंगे। विशिष्ट अतिथि विजय देवांगन महापौर ननि धमतरी, रामगोपाल देवांगन पूर्व अध्यक्ष छग प्रदेश देवांगन समाज, प्रकाश बैस जिलाध्यक्ष भाजपा, कुंजलाल देवांगन पूर्व सरंक्षक छग प्रदेश देवांगन समाज, दौवालाल देवांगन पूर्व अध्यक्ष धमतरी जिला देवांगन समाज, केदार देवांगन सभापति जिला पंचायत बालोद, भोलानाथ देवांगन पूर्व अध्यक्ष जिला देवांगन समाज, पुष्पलता देवांगन अध्यक्ष नपं भखारा, हुमित लिमजा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी होंगे।

---

# डीईओ ने किया संबलपुर स्कूल का निरीक्षण, गंदगी देख जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले ने शासकीय प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला संबलपुर का औचक निरीक्षण किया।

माध्यमिक शाला संबलपुर में शिक्षकों द्वारा डेली डायरी व विद्यार्थी डायरी नहीं दिखाने एवं मध्यान्ह भोजन की सफाई व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की। हिंदी व अंग्रेजी सुलेख कार्य कराने पर जोर देने कहा।

संकुल प्रभारी और समन्वयक को हिदायत दी कि अपने अधीनस्थ विद्यालयों में जांच कर सोमवार तक सभी व्यवस्था दुरुस्त करवाएं तथा जिन विद्यालयों में अतिरिक्त फर्नीचर है, उसे संकुल के अन्य विद्यालय जहां अभाव है, वहां देने को कहा। सभी विद्यालय में पौधरोपण करने का निर्देश दिया।

---

# मुख्यमंत्री ने रामसेवकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रामसेवकों की टोली के सम्मान में सम्मान समारोह एवं रात्रि भोज का आयोजन अपने निवास में किया। समारोह में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित वरिष्ठ नेताओं ने रामसेवकों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उनके सेवा कार्यों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में विपरीत परिस्थितियों में सेवा के लिए हमारे पास एक मजबूत टीम तैयार हो गई है जो देश के किसी भी हिस्से में सेवा के लिए तैयार है। इस दौरान अयोध्या धाम दर्शन कार्यक्रम संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

इस दौरान अयोध्या धाम दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के सहयोग हेतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश स्तर पर एक समिति बनाई गई थी। इसके संयोजक धरमलाल कौशिक, सहसंयोजक श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, लखनलाल पैकरा, विरेंद्र श्रीवास्तव एवं डॉ ललित माखीजा थे। इनके मार्गदर्शन में रामसेवकों की प्रथम टोली फरवरी महीने में अयोध्याधाम गई थी। रामसेवक के रूप में पहुंचे सूरज शर्मा, अरुण साहू, करुणाकर उपाध्याय, वंश गोपाल सिन्हा एवं गुलशन सिन्हा का सम्मान मुख्यमंत्री ने शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर किया।

---

# 1.22 लाख के अवैध गांजे के साथ दो आरोपी धरे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी







बाईपास मार्ग से गांजा तस्करी कर रहे बाइक सवार युवकों को अर्जुनी व साइबर पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से लगभग 1 लाख 22 हजार का अवैध गांजा बरामद किया गया है।

- **अर्जुनी व साइबर पुलिस ने की कार्रवाई**

एसपी आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा पुलिस को सूचना तंत्र को मजबूत रखने व संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में अर्जुनी पुलिस को अपने विश्वसनीय सूचना तंत्र से श्यामतराई बाईपास मार्ग से बाइक के माध्यम से दो युवकों द्वारा जगदलपुर से गांजा तस्करी कर धमतरी आने की जानकारी मिली। सूचना पर तत्काल एक्शन लेते हुये अर्जुनी व साइबर सेल की पुलिस टीम ने श्यामतराई बाईपास के पास नाकाबंदी कर दी।

इसी दौरान मुखबिर द्वारा बताया गया पल्सर वाहन पहुंचा। उसे रोककर तलाशी ली गई। बिना नंबर की पल्सर बाइक में दो युवक सवार थे। पूछताछ में एक ने अपना नाम नागेश्वर कश्यप व दूसरे ने मंगलूराम बघेल बताया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 12 किलोग्राम अवैध गांजा कीमत 1 लाख 22 हजार रूपये बरामद किया गया। वहीं 1 लाख 80 हजार कीमत की पल्सर बाइक को जब्त किया गया। पुलिस ने धारा 20-बी, 11-बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत आरोपी नागेश्वर कश्यप पिता आसमन उम्र 22 वर्ष व मंगलूराम बघेल पिता खेजाराम 19 वर्ष दोनों ग्राम कुम्हली थाना भानपुरी जिला बस्तर निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में अर्जुनी पुलिस व साइबर सेल का सराहनीय योगदान रहा।

---

# स्नान के बाद महाप्रभु हुए अस्वस्थ, चार दिन तक काढ़ा का भोग लगेगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





मठमंदिर चौक स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में विराजमान महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को शनिवार को पंडित बालकृष्ण शर्मा, गौरव शर्मा ने विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ शाही स्नान कराया।

स्नान के लिए समुद्र का जल व अन्य सामग्री मिश्रित की गई। स्नान के बाद महाप्रभु परंपरा अनुसार बीमार पड़ गए, जिसे आराम करने के लिए अलग कक्ष में रखा गया है। 2 से 5 जुलाई तक भगवान को काढ़ा का भोग लगेगा, जिसके बाद महाप्रभु फिर से स्वस्थ हो जाएंगे। इस दरम्यान भक्तों में काढ़ा का वितरण किया जाएगा।

शाही स्नान में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश, सहसचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखशमी भानुशाली, ट्रस्टी श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, अजय अग्रवाल, विपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, अनिल मित्तल, प्रीतेश गांधी, दिलीपराज सोनी, राजेन्द्र शर्मा, योगेश गांधी, मुन्ना शर्मा, कीर्ति शाह, सुबोध ठाकुर, तपन यादव आदि शामिल हुए।

**चित्रकारी के लिए उड़ीसा से आए कलाकार**

स्नान के बाद भगवान को मूल स्वरूप में लाने के लिए चित्रकारी की जाती है। इसके लिए उड़ीसा से कलाकार हर साल आते हैं। ये कलाकार पीढ़ी दर पीढ़ी धमतरी पहुंच रहे हैं। कलाकार विक्रम उड़ीसा से पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि सबसे पहले उनके नाना देवीप्रसाद और भाई आया करते थे। उसके बाद उनके पिता उसोलाल आते थे। अब वह स्वयं 1993 से हर वर्ष चित्रकारी करने धमतरी आते हैं। चित्रकारी करने में तीन दिन का समय लगता है। यह कच्चा रंग होता है। स्नान के बाद धुल जाता है। चित्रकारी के माध्यम से मूल रूप में लाया जाता है।

**6 जुलाई को पुनः प्राण-प्रतिष्ठा होगी : किरण कुमार गांधी**

ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी ने बताया कि शनिवार को सुबह 10.30 बजे महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को शाही स्नान कराया गया। स्नान के बाद भगवान को आराम की मुद्रा में रखा गया है। 2 से 5 जुलाई तक भगवान को प्रतिदिन काढ़ा का भोग लगेगा। उसके बाद 7.30 बजे भक्तों में इसे वितरण किया जाएगा। 6 जुलाई को महाप्रभु की फिर से प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। 7 जुलाई को दोपहर 12 बजे रथयात्रा सदर बाजार से बिलाई माता गौशाला मैदान तक निकाली जाएगी। इस दौरान भक्तों को गजामूंग का प्रसाद बांटा जाएगा।

---

# सिन्हा समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सिन्हा समाज धमतरी मंडल के नवनिर्वाचित मंडलेश्वर संतोष सिन्हा, सचिव देवकरण गजेंद्र एवं कोषाध्यक्ष हेमशंकर सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारियों ने सिन्हा भवन रत्नाबांधा रोड में शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवराज सिन्हा प्रांतीय अध्यक्ष सिन्हा समाज थे। अध्यक्षता कालीदास सिन्हा जिलाध्यक्ष ने की।

विशिष्ट अतिथि रिखीराम सिन्हा प्रांतीय महामंत्री सिन्हा समाज, डॉ. विसम्भर सिन्हा प्रांतीय कोषाध्यक्ष सिन्हा समाज, संजुकामता सिन्हा प्रांतीय कोषाध्यक्ष महिला मंच, दुलार सिंह सिन्हा विशेष आमंत्रित सदस्य, रामसेवक सिन्हा प्रदेश कार्यकारिणी, चन्द्रहास सिन्हा प्रांतीय सहसम्पादक, तोमेश्वर दास सिन्हा जिला निर्वाचन अधिकारी, दुष्यंत कुमार सिन्हा जिला युवा मंच अध्यक्ष, परमेश्वरी सिन्हा जिला महिला अध्यक्ष, गजाधर प्रसाद सिन्हा संरक्षक सिन्हा समाज धमतरी, दयाराम सिन्हा जिला महामंत्री, दिलीप कुमार सिन्हा जिला कोषाध्यक्ष, पन्नालाल सिन्हा मंडलेश्वर नगरी, नरेश कुमार सिन्हा मंडलेश्वर मगरलोड, हिरेश्वर सिन्हा मंडलेश्वर कुरूद, हुमेन्द्र गजेन्द्र मंडलेश्वर भखारा थे।

कार्यक्रम में पूर्व कोषाध्यक्ष डा रोशन सिन्हा, हेमंत सिन्हा, खोमन सिन्हा, शिरीज सिन्हा, गुरुचरण सिन्हा, भुवन सिन्हा, सीताराम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रहास सिन्हा ने किया।

---

हर माह किराया देने के बाद भी दुकानदार परेशान

# निगम काम्पलेक्स के सामने तालाब जैसा नजारा





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम के काम्पलेक्स में पानी भर जाने से दुकानदारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। काम्पलेक्स के सामने तालाब जैसा नजारा है। ग्राहक पानी देखकर ही दूर से चले जाते हैं। इससे दुकानदारों को नुकसान हो रहा है।

नहरनाका चौक को डेवलप करते हुए नगर निगम द्वारा यहां पर व्यवसायिक काम्पलेक्स बनाया गया है। काम्पलेक्स बनने के बाद यहां पर कई दुकानें खुल आई हैं। एक रेस्टोरेंट भी है। नगर निगम द्वारा हर माह दुकानदारों से किराया वसूला जा रहा है।

इसके बाद भी व्यवसायी बुरी तरह परेशान है। काम्पलेक्स के सामने पानी भर गया है। दुकानों के दरवाजे तक पानी भरा हुआ है। दुकानदार खुद पानी में चलकर अपनी दुकान तक पहुंचते हैं। स्थिति यह है कि ग्राहकों ने यहां आना छोड़ दिया है। उधर नगर निगम द्वारा व्यवसायियों की इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

**इस साल ज्यादा समस्या**

व्यवसायी नितेश वल्र्याणी, जित्तू जगताप ने बताया कि पानी भरने की समस्या सालों पुरानी है, लेकिन इस साल यह समस्या काफी गंभीर स्थिति में पहुंच गई है। पहले जिस रास्ते से पानी की निकासी होती थी, उसे एक व्यक्ति द्वारा बंद कर दिया गया है। नगरी रोड निर्माण के बाद सड़क की ऊंचाई भी बढ़ गई है। इससे यहां पर तालाब जैसा पानी भर गया है।

**काम का नहीं है सोख्ता**

व्यवसायी किशन साहू, मनोज कौशिक आदि ने बताया कि काम्पलेक्स के सामने कांक्रीटीकरण किया गया है, जिसके कारण जमीन पानी नहीं सोखती है। दुकानों के सामने ही पानी जाम रहता है। स्थिति को देखते हुए नगर निगम द्वारा यहां पर सोख्ता गड्ढा का निर्माण किया गया है। इस निर्माण में गड़बड़ी के चलते सोख्ता गड्ढा पानी नहीं सोख रहा है।

**लगाएंगे पेवर ब्लाक**

सोख्ता गड्ढा को खोलकर फिर से साफ कराया जाएगा। दुकानों के सामने पेवर ब्लाक लगाने की योजना है। इससे समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी।

*- विनय पोयाम कमिश्नर, नगर निगम धमतरी*

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**

तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732

वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज

चर्मरोग - दाद, खुजली, [illegible], मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर

पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना

बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना

पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी

स्त्री रोग - [illegible], सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट

बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है